(b) if not, how do they decide where fresh recruitments are necessary and where staff is surplus; and

(c) how do the supervising authorities make objective assessments of the comparative merits of the staff working under them ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) and (b). Norms have been evolved in terms of the time required per unit of work for various types of work, particularly for house-keeping and other tasks common to different offices. Where norms exist, suitable records of output of work are maintained and assessment of staff requirements is made accordingly. Where norms have not been evolved but the work measurement, staff requirements are assessed after undertaking work measurement studies.

(c) A Government servant's merit is assessed on the basis of his annual confidential reports. Instructions exist fot ensuring that these are written as objectively as possible.

दिल्ली में उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के कर्मचारियों की पदावनति के अनिपटाये मामले

3791. **श्री रामगोपाल शालवाले :**
श्री प० ला० बारूपाल :
श्री यशपाल सिंह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री दिल्ली में उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के कर्मचारियों की पदावनति के अनिपटाये मामलों के बारे में 19 दिसम्बर, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4717 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच अपेक्षित जानकारी एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त जानकारी से यह पता चला है कि दिल्ली प्रशासन के अधीन व्यायाम शिक्षकों की पदावनति संबन्धी अपील पिछले 10 वर्षों से विचाराधीन है; क्या इस आशय का आरोप ठीक है ;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं जबकि इन शिक्षकों को बहुत वित्तीय हानि हो रही है; और

(ङ) जानकारी एकत्र करने में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (ङ). दिल्ली प्रशासन द्वारा कुछ सूचना भेजी गई थी। किन्तु पूछे गये विशिष्ट प्रश्नों का उत्तर देने के लिए यह पर्याप्त नहीं थी। इसलिए, स्पष्टीकरण तथा और सूचना भेजने के लिए दिल्ली प्रशासन को लिखा गया था। उनके उत्तर की अभी प्रतीक्षा है। इसलिये, आवश्यक सूचना यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दी जायेगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा सेमिस्टर प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन

3793. **श्री प० ला० बारूपाल :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेमिस्टर परीक्षा प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन किया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि विद्यार्थियों ने सेमिस्टर प्रणाली समाप्त न की जाने की स्थिति में परीक्षाओं का बहिष्कार करने की धमकी दी है; और

(ग) यदि हाँ, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?